




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 16 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 23 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया



**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


# विधानसभा चुनाव:परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों के बीच होगी भिड़ंत

## कांग्रेस ने युवाओं को मौका दिया, भाजपा ने अनुभव पर विश्वास जताया

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आज से 24वे दिन राज्य विधानसभा के लिए मतदान होगा। दोनो प्रमुख दलो ने मंदसौर जिले की चारो विधानसभा सीटो से अपने उम्मीदवारो की घोषणा कर दी है। हालांकि, अभी तक किसी भी उम्मीदवार या निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन फार्म नहीं भरा है। उम्मीदवारो को देखे तो पता चलता है कि कांग्रेस ने ज्यादातर युवाओ को मौका दिया है तो भाजपा ने अनुभव पर अपनी मोहर लगाई है। भाजपा द्वारा उतारे गए सभी प्रत्याशी अभी तक अजेय है। जहां यशपालसिंह सिसौदिया तीन बार विजय प्राप्त कर चुके हैं तो जगदीश देवड़ा 2003 से लेकर अब तक चार चुनाव में लगातार विजयश्री हासिल कर चुके हैं। इसके अलावा हरदीपसिंह डंग कांग्रेस के बाद भाजपा के टिकीट पर दो बार विजय प्राप्त कर चुके हैं। चंदरसिंह सिसौदिया ने भी उपचुनाव में विजय हासिल की थी। इधर कांग्रेस उम्मीदवारो को देखा जाए तो मंदसौर से प्रत्याशी बनाए गए विपिन जैन पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे है। जबकि, राकेश पाटीदार और परशुराम सिसौदिया को दूसरी बार मौका मिला है। कांग्रेस ने गरोठ में 8 बार चुनाव लड़ चुके सुभाष सोजतिया को उम्मीदवार बनाया है, जिनके पास सबसे ज्यादा अनुभव है। शेष तीनो उम्मीदवार युवा है।

### मंदसौर विसः यशपाल बनाम विपीन...





मंदसौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार यशपाल सिंह सिसौदिया तीन बार के विधायक हैं। इससे पहले वे मंदसौर नगर पालिका पार्षद और अध्यक्ष रहे हैं। वर्ष 2008 में भाजपा के टिकट पर मंदसौर विधानसभा चुनाव जीता। इसके बाद से वे अब तक विधायक हैं। 63 साल के सिसौदिया पोस्ट ग्रेजुएट, लॉ तक शिक्षित हैं। सिसौदिया ने अब तक किसी चुनाव में शिकस्त का सामना नहीं किया है। यह भी कहा जा सकता है कि वे अजेय है। वहीं विपिन जैन जनपद सदस्य और दलौदा ग्राम पंचायत के सरपंच रहे हैं। सरपंची के दौरान उन्होंने अच्छा काम किया, जिसकी सराहना प्रदेश व केन्द्र की भाजपा सरकारो ने भी की थी। बतौर विधासभा उनका यह पहला चुनाव है। 12वीं तक शिक्षित विपिन जैन दो स्कूलों का संचालन करते है और वे मंडी व्यापारी भी है। इस बार दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही हैं।

### मल्हारगढ़ विसः देवड़ा के सामने फिर परशुराम...





मल्हागढ़ विधानसभा एससी के लिए आरक्षित सीट है। यहां से भाजपा के जगदीश देवड़ा को चौथी बार मौका मिला है। श्री देवड़ा अपना पहला चुनाव सुवासरा एससी सीट से पहला चुनाव लड़े थे। परीसिमन के बाद नई विधानसभा बनी मल्हारगढ़ में वर्ष 2003 से वे लगातार अवीजित है। अभी तक वे 7 बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें 6 बार विजयी हुए, वर्ष 1998 में सुवासरा से कांग्रेस की पुष्पा भारती से हार का सामान करना पड़ा था। श्री देवड़ा भाजपा शासन में कई महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। 66 वर्षीय श्री देवड़ा पोस्ट ग्रेजुएट और लॉ तक शिक्षित हैं। वहीं, कांग्रेस के परशुराम सिसोदिया जनपद उपाध्यक्ष रह चुके हैं। 47 वर्षीय परशुराम सिसोदिया ग्रेजुएट तक शिक्षित हैं। उन्हें वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में जगदीश देवड़ा से करीब 12 हजार वोटों से शिकस्त मिली थी। एक बार फिर दोनों आमने-सामने हैं।

### सुवासरा विसः हरदीप के सामने पुनः राकेश...





सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में इस बार पुनः भाजपा के हरदीप सिंह डंग और कांग्रेस के राकेश पाटीदार आमने- सामने हैं। भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए हरदीप सिंह को दोबारा मैदान में उतारा है। बता दें कि हरदीप सिंह कांग्रेस के टिकट पर सुवासरा विधानसभा सभा से तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें उन्हें वर्ष 2003 में अपने पहले चुनाव में भाजपा के राधेश्याम पाटीदार से हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2013 और 2018 के चुनाव में उन्होंने भाजपा के राधेश्याम पाटीदार को शिकस्त दी थी। वर्ष 2018 में तो केवल 350 मतों के अंतर से चुनाव जीते थे। इसके बाद कांग्रेस छोड़ बीजेपी शामिल हुए। कमलनाथ सरकार का तख्ता पलट के बाद 2020 के उप चुनाव में कांग्रेस के राकेश पाटीदार को हराया। 55 वर्षीय हरदीप सिंह डंग पोस्ट ग्रेजुएट है, वे शिवराज सरकार में मंत्री है। वहीं, कांग्रेस से प्रत्याशी बनाए गए राकेश पाटीदार पिछला उपचुनाव हरदीप सिंह डंग से भारी अंतर से हार चुके हैं। 42 वर्षीय राकेश पाटीदार मैट्रिक तक शिक्षित हैं। एक बार फिर दोनों आमने-सामने मैदान में हैं।

### गरोठ विसः अनुभवी सोजतिया के सामने एक बार फिर चंदरसिंह...





गरोठ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने 71 वर्षीय डॉ सुभाष कुमार सोजतिया को मैदान में उतारा है। वे अनुभवी और साम-दाम-दंड-भेद की नीति पर काम करने के लिए जाने जाते है। उन्हें 8 चुनाव लड़ने का अनुभव है। उनके सामने भाजपा ने 60 साल के चन्दर सिंह सिसोदिया को मैदान में उतारा है। पोस्ट ग्रजुएट तक शिक्षित सामान्य वर्ग के सोजतिया तीन दशक से भी ज्यादा समय से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ते आ रहे हैं। उन्होंने 1985 में पहला चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। श्री सोजतिया ने अब तक उपचुनाव सहित 8 चुनाव लड़े है। वहीं पिछड़ा वर्ग के चन्दर सिंह सिसोदिया गरोठ में जनपद अध्यक्ष और मंदसौर भाजपा जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। गरोठ के तत्कालीन विधायक राजेश यादव के निधन के बाद 2015 में हुए उपचुनाव में चन्दर सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। इसमें कांग्रेस के सुभाष सोजतिया को शिकस्त देकर विधायक बने। लेकिन, 2018 में भाजपा ने टिकट काटकर देवीलाल धाकड़ को मैदान में उतार दिया। इस बार मौजूदा विधायक देवीलाल धाकड़ ने प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को पत्र लिखकर चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। इसके बाद भाजपा ने दोबारा चंदर सिंह पर भरोसा जताया। अब 8 साल बाद एक बार फिर सुभाष कुमार सोजतिया और चंदरसिंह सिसोदिया आमने-सामने होंगे।



युवती चला रही थी कार? किटीयानी में छोड़ दूसरी कार से भागे...

# कार की टक्कर से दो युवकों की मौत

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज, जांच जारी

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार रविवार की दरमियानी रात अनियंत्रित गति से चल रही एक कार के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह दोनो का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो के सुपूर्द किए गए। मामले में पुलिस ने रात्रि में मर्ग कायम किया था। जबकि, सुबह पीएम रिपोर्ट के बाद अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। यह मामला रविवार दिन भर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। इसका कारण था कि रात में हुई इस दुर्घटना में कार चालक युवती होने की बात कहीं जा रही थी। दुर्घटना के बाद युवती और अन्य सवारों के मौके से भागने की बात भी सोशल मीडिया पर चल रही थी। हालांकि इस मामले में पुलिस जांच की बात कह रही है।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 12 बजे के लगभग तेज गति से आ रही कार क्रमांक डीएल 6 सीएम 4201 ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सूरज पिता रामकिशन मावर निवासी रामटेकरी और गोपाल सूर्यवंशी निवासी नापाखेडा की मौत हो गई। कार इतनी तेज गति से आ रही थी कि बाइक को 20 फीट तक घसीटते हुए ले गई। मृतकों में एक युवक डि मार्ट पर काम करता है। दोनों ही मृतक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इस मामले में वायडी नगर पुलिस ने बताया कि कार दिल्ली पासिंग है। शवों का पीएम करवाया गया है। जांच के बाद ही इस मामले में और कुछ कहा जा सकेंगा। इधर सोशल मीडिया या बाजार में चल रही चर्चाओं की बात करें तो कार कोई युवती चला रही थी। जिसमें अन्य युवतियां भी सवार थी। बताया जाता है कि एक्सीडेंट के बाद कार सवार युवतियां किटीयानी में डीवीएम स्कूल के पीछे के पास खाली प्लाट पर कार छोडक़र दूसरी कार में सवार होकर निकल गई। हालांकि पुलिस कार मालिक का नाम भी इस मामले में नहीं बता पा रही है। कार दिल्ली पासिंग है और उसका सेकंड ऑनर मंदसौर का है। स्कोडा कार को कई लोगो ने पहले भी देखा है। लेकिन, पुलिस तक पुख्ता जानकारी लेकर कोई नहीं पहुंचा है।

### चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर भावुक हुए परशुराम

# बोले- केवल माहौल बनाया जा रहा है

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ में कांग्रेस ने परशुराम सिसौदिया को टिकिट दिया है। इधर टिकिट की दौड़ में रहे श्यामलाल जोकचंद इसको लेकर खासा विरोध कर रहे हैं। समर्थकों के साथ उन्होंने बैठक कर निर्दलीय लड़ने का फैसला भी लिया। इधर सोशल मीडिया पर टिकिट को लेकर एक बार फिर कांग्रेस द्वारा सोच विचार करने की बात चल रही है।

इस बात को लेकर परशुराम सिसौदिया कार्यकर्ताओं के सामने भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू निकल आए। काफी मुश्किल से अपने आपको संभालते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ एक माहौल बनाया जा रहा है। दरअसल वे मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बड़वन में चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अब यह कहा जा रहा है कि मेघवाल समाज को टिकीट नहीं दिया गया। जबकि, पूर्व में श्यामलाल जोकचंद को 2-2 बार टिकीट दिया गया था और हमने सबने मिलकर उनका साथ दिया। इसके अलावा भी कांग्रेस ने प्रदेश में कई जगहों पर मेघवाल समाज को टिकीट दिया है।

# बाईक सवार बदमाश से अवैध शराब बरामद, गिरफ्तार



**भानपुरा, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भैसोदामंडी पुलिस ने एक बाईक सवार बदमाश से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। आरोपी आदतन बदमाश है। उसके विरूद्ध कई प्रकरण दर्ज है।

पुलिस ने बताया कि चौकी भेसोदामंडी पर सउनि देवीसिंह डामोर को सूचना मिली कि मालीपुरा का आमीन पिता शोकत पठान लाल रंग की स्पलेंडर मो.सा पर राजस्थान तरफ से कच्ची शराब की खेप लेकर आने वाला है। जिस पर टीम द्वारा मालीपुरा तालाब के पास कार्यवाही करते हुये आमीन पिता शोकत पठान जाति मुसलमान उम्र 40 साल निवासी मालीपुरा भेसोदामंडी को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से मोटर साईकिल पर रखी दो केनो मे कुल 80 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब तथा 144 क्वार्टर देशी शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भानपुरा पर अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। जप्त शराब की कीमत तेईस हजार रुपए बताई गई है।

तेज गति, लापरवाही से वाहन चलाने के चलते हो रहे एक्सीडेंट...

# दुर्घटनाओं का केन्द्र बनता गरोठ

## रविवार को दो दुर्घटनाओं में चार लोग घायल



**गरोठ, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में प्रतिदिन दुर्घटनाएं बढ़ रही है। यह दुर्घटनाएं इतनी खतरनाक और दर्दनाक हो रही हैं कि किसी का इकलौता पुत्र तो किसी की मांग का सिंदूर उजड़ रहा है। इन लापरवाही पूर्वक चल रहे बेलगाम वाहनों पर किसी की पकड़ नहीं है, जो इनकी गति को धीमी कर सके। तेज गति के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। शनिवार रात हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जबकि, दूसरे गंभीर घायल की उपचार के दौरान मंदसौर के बड़े अस्पताल में मौत हो गई।

रविवार को क्षेत्र में दो अलग-अलग दुर्घटनाओ में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पंकज पिता बालचंद उम्र 25 वर्ष अपनी पत्नी रीना उम्र 22 वर्ष व 2 माह की बालिका के साथ बाइक पर शामगढ़ से अपने गांव गुराडिया माना जा रहा था। इसी बीच गांव जोड़मा के निकट नीलगाय आने से एक्सीडेंट हो गया। घायलों को 108 की मदद से गरोठ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर पंकज की हालत गंभीर होने पर उसे झालावाड़ रेफर किया गया। दूसरे मामले में तूफान मीणा अपनी पत्नी के साथ गांव देथली खुर्द गरोठ से अपने गांव जा रहा था। गरोठ और बरखेड़ा गंगासा के बीच में अल्टो कार से एक्सीडेंट होने के कारण घायल अवस्था में तूफान मीणा को गरोठ के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे गंभीर हालत होने पर मंदसौर के बड़े अस्पताल रेफर किया गया। इधर शनिवार 21 अक्टूबर की रात्रि में बरड़िया बामणी के निकट ट्रक व बाइक मे हुए एक्सीडेंट में बामणी निवासी गोविंद प्रजापति की मौके पर मौत हो गई थी व रोडसिंह को मंदसौर के बड़े अस्पताल रेफर किया गया था। जहां पर उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

आचार संहिता में भगोड़ों, फरार बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस...

# इंतखाब-आजम पर 10-10 हजार का ईनाम

## दोनों की तलाश में अखेपुर, प्रतापगढ़ सहित कई संभावित स्थानों पर दी दबिश







**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस लगातार भगोड़े, फरार बदमाशो को तलाश रही है। इस अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसी तारतम्य में गंभीर अपराधों में जमानत से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपियों आजम पिता कय्यूम खा पठान निवासी अखेपुरा जिला प्रतापगढ़ राजस्थान एवम इंतखाब आलम उर्फ मौलाना पिता पीरशेद खां पठान नि. ग्राम अखेपुर थाना प्रतापगढ जिला प्रतापगढ़ राजस्थान के विभिन्न ठिकानों पर मंदसौर पुलिस की अलग अलग टीमों द्वारा दबीश दी गई। हालांकि, पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई। लेकिन, बदमाशो पर दबाव बना है।

थाना प्रभारी नारायणगढ, थाना प्रभारी वायडी नगर व थाना प्रभारी भावगढ मय बल करीब 100-125 की संख्या में अलग अलग टीमें बनाकर मंदसौर पुलिस द्वारा गंभीर अपराध में जमानत से फरार चल रहे आजम और इंतखाब की तलाश राजस्थान के जिला प्रतापगढ ग्राम अखेपुर में आरोपियों के विभिन्न ठिकानों पर की गई। इसके साथ ही पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा प्रतापगढ़, हतुनिया व आसपास के ठिकानो पर दबीश दी गई। इस दौरान बदमाशो के ठिकानों पर पोस्टर चस्पा किये गए।

पुलिस के मुताबिक दोनो बदमाश हाजी मुजीब बंधुओ की हत्या के मामले में नारायणगढ़ थाने में आरोपी है। इनमें आजम लाला को सजा हो गई थी और वह जैल में था। इसी बीच बेटी की शादी के लिए पैरोल पर आया था, तब से वापस जैल नहीं गया है। इधर इंतखाब तो अब तक पेश ही नहीं हुआ है। इसके साथ ही शहर कोतवाली के वीरेन्द्र ठन्ना हत्याकांड में भी आरोपियो को सजा हो चुकी है। दोनो मामलो में पुलिस को इनकी तलाश है।

# लोडेड देशी कट्टे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**नारायणगढ़, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने 21-22 अक्टूबर की दरमियानी रात मुखबीर सूचना पर एक लिस्टेड गुंडे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया हैं। आरोपी के विरूद्ध अवैध हथियार रखने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया है।



मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि नारायणगढ़ पुलिस को मुखबीर सूचना मिली थी कि थाने का लिस्टेड गुंडा हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई की जाए तो आरोपी गिरफ्त में आ सकता है। मुखबीर सूचना पर टीआई जितेंद्र सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में टीम बनाकर बोरदिया फंटे के निकट दबिश देकर दिनेश पिता गेंदमल सौलंकी जाति बावरी उम्र 31 साल निवासी हरमाला के कब्जे से एक देशी 12 बोर का कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं।

# विपिन को जिताने से ज्यादा जरूरी मनजीत को हटाना था..?

### दर्द-ए-दिल

कुमार दशपुरी

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी का आलम यह है कि इस पार्टी के नेता यह भी नहीं देखते कि चुनाव सर पर खड़ा है। अभी तो कम से कम गुटबाजी को परे रख दें। लेकिन, नहीं आ बैल मुझे मार की तर्ज पर यह पार्टी ऐन चुनाव के समय ही ऐसा कुछ उत्तापा करती है, जिसकी वजह से चुनाव में उम्मीदवार के सामने नई मुसीबत खड़ी हो जाती है। कांग्रेस के अन्दर खाने में झांके तो विपिन जैन को लेकर कांग्रेस में दिखावटी तौर पर ही सही सब ठीक ही ठीक चल रहा था। लेकिन, अचानक कांग्रेस में एक रात ऐसी आई कि उसकी सुबह ही बदल गई। मनजीत सिंह टुटेजा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाया और सुबह हटा दिया। हालांकि कांग्रेस में यह सिर फुटव्वल की स्थिति कोई पहली बार नहीं हो रही है। चुनाव हो या सामान्य दिन, कई बार ऐसे हालात कांग्रेस में बने हैं। लेकिन, मनजीत सिंह के घटनाक्रम को देखकर ऐसा लगता है कि कांग्रेस में नीचे से ऊपर तक कुछ भी ठीक नहीं चल रहा।

भोपाल में देखो तो दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जिनके कंधों पर सवार होकर कांग्रेस पार्टी सत्ता पर सवार होने का सपना देख रही है। यह दोनों बड़ी ही मीठी मार एक दूसरे को मार रहे हैं और अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। टिकिट वितरण में गुटबाजी करना भी सही और दिखने भी नहीं देना। लेकिन, एक दूसरे को नीचा दिखाने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना, यह सब चल रहा है भोपाल में। और इसी सब के चलते मंदसौर में यह घटनाक्रम हो गया। जिसे देख यह कहा जा सकता है की कांग्रेस की गुटबाजी एकदम से सामने आ गई है।

विपिन जैन की उम्मीदवारी को लेकर जो फील गुड कांग्रेस में था, वह मनजीत मनी के कांड से बेड फिल में बदल गया है। कांग्रेस के वे लोग जो पार्टी की गुटबाजी से हमेशा दुखी होते हैं, जिनके अंदर कांग्रेस बसी है। उनका कहना है कि यदि मनजीत सिंह को अध्यक्ष बना दिया गया था तो बाकी के नेताओं को इतना तूफान मचाने की एकदम से क्या आवश्यकता पड़ गई थी। उनके लिए विपिन जैन को जिताने की बजाय मनजीत को हटाना प्राथमिकता हो गया! यह स्थिति है कांग्रेस की, इस सारी स्थिति में अगर किसी को नुकसान होगा तो वह तो उम्मीदवार को होगा। लेकिन, इस बात को किसी ने भी नहीं सोचा ना समझा और एन चुनाव के पहले ये फजिते खड़े कर दिए। हालांकि अभी तो आरंभिक स्थित है, देखना है आगे-आगे क्या होता है।



**दुर्गाष्टमी**-नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गाष्टमी के अवसर पर प्राचीन माता मंदिर श्री नालछा माता में भक्तों का सैलाब उमड़ा।

# हिन्दू धर्म में शारदीय नरात्रि का बड़ा महत्व-पं. शर्मा

## अम्बेडकर नगर में मनाया जा रहा है नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से



**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मां नव दुर्गा मंडल अंबेडकर चौराहा समिति द्वारा बारह पत्थर अम्बेडकर नगर में नवरात्रि का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को रात्रि में आयोजित महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में भागवत प्रवक्ता पंडित श्री विष्णुदत्त शर्मा, वरिष्ठपत्रकार श्री घनश्याम बटवाल, श्री ब्रजेश जोशी, प्रात:कालीन आरती मंडल के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, जिला धार्मिक उत्सव समिति के विनय दुबेला विनोद मेहता गुरुचरण बग्गा, वर्दीचंद कुमावत सुभाष गुप्ता समिति, गायत्री परिवार, समरसता मंच, दशुपर जागृति संघटन, के अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए और आरती का लाभ लिया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए भागवत प्रवक्ता पं. शर्मा ने नवरात्रि पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ दुर्गा की उपासना का यह महापर्व आप सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए। आपने कहा कि हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का बहुत बड़ा महत्व है। बता दें कि नवरात्रि का त्यौहार व्रत और साधना के लिए होता है। मान्यता है कि नवरात्रि के दिनों में जो भी भक्त सच्चे मन से दुर्गा मां का ध्यान करता है, उनके नाम का उपवास रखता है, मां उसकी हर इच्छाएं पूर्ण करती हैं। वरिष्ठपत्रकार श्री जोशी ने कहा कि अम्बेडकर नगर में नवरात्रि पर्व मनाने की परम्परा काफी पुरानी हैं। आपने लोकतंत्र के बड़े पर्व विधानसभा चुनाव में भी सभी से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठगण समाज के अध्यक्ष राजाराम तंवर, पटेल मुकेश चनाल, चौधरी नरेश परमार, बसंत परमार, जीवन तंवर, ओमप्रकाश तंवर व्याख्याता चेतनदास गनछेड़, अर्जुन कोड़ावत, विजेंद्र चनाल, मुकेश हंस, पवन दलोर, मनोहर हंस, वीर मातादीन अंबेडकर सेना विनोद खेरालिया, मंगल कोठीयाने, थानसिंह घावरी, मनोहर फतरोड, अजय भाटी, सतीश खेरालिया, अजय चनाल, रवि डागर, विनोद छपरी, भेरुलाल बारवासिया, शक्ति डागर, शैलेंद्र डागर, लखन उंटवाल, ललित कोदली, राहुल डागर, मुकेश राठौड़ उमेश डागर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन व अंत में आभार प्रदर्शन मां नव दुर्गा मंडल अंबेडकर चौराहा समिति के संरक्षक और समाज अध्यक्ष श्री राजाराम तंवर ने किया।

# दशपुर विद्यालय में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व मनाया




**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय में आज नवरात्र एवं दशहरा उत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि नवरात्रि पवित्रता, शक्ति और दिव्यता का प्रतीक है। यह माँ दुर्गा के नौ अवतारों एवं स्वरूपों की पूजा करने का हिंदुओं का सबसे प्रसिध्द त्यौहार है। इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक मुकेश बरानिया एवं श्री तेजपाल बरेट की सुमधुर आवाज में एक सामूहिक गरबे का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। इसी के साथ विद्यालय में बुराई के प्रतिक रावण के पुतले का दहन भी किया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को आज के दिन कोई एक बुराई को त्यागकर एक अच्छाई को ग्रहण करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, सुपरवाइजर हाकिमप्रसाद शर्मा सहित पुरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।



# श्री सांई पब्लिक स्कूल में मनाया गरबा महोत्सव

**दलौदा, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** श्री सॉई पब्लिक स्कूल दलौदा में नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा महोत्सव (महारास) का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम माता रानी के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात इंटर हाउस जूनियर और सीनियर गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा माता रानी के नौ रूपों को नौ रसों के साथ वर्णन, नारी शक्ति, रास, कृष्ण लीला, कठपुतली नृत्य एवं अनेकता में एकता वसुधैव कुटुंबकम को गरबे के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। गरबा प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में भास्कर हाउस एवं सीनियर वर्ग में आर्यभट्ट हाउस विजेता रहे। विद्यालय संचालक श्री मोहसिन अख्तर एवं प्राचार्य श्री नरेंद्र सिंह सोलंकी ने अपने उद्बोधन में गरबा केवल मनोरंजन का साधन नहीं अपितु यह माँ अम्बा के नौ रूपों की आराधना करने का पर्व है। माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों का महत्व बताते हुए नारी सम्मान एवं समानता की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय संचालक, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य श्री मनोज शर्मा, छात्रा समीक्षा धाकड एवं छात्रा नंदिता धाकड ने किया एवं आभार छात्रा आलिया बी ने माना।

# अंतर निहित शक्तियों को जागृत करने का प्रेरणा पर्व है नवरात्रि महोत्सव-जोशी



**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मनुष्य के अंदर निहित शक्ति को जागृत करने का प्रेरणा पर्व है नवरात्रि महोत्सव। सनातन परंपरा में नवरात्रि पर्व की विशिष्टता आदि देव महादेव के साथ जुड़ी है क्योंकि शिव के साथ शक्ति स्वरूपा माता पार्वती का होना ही शिव की शक्ति को प्रदर्शित करता है।

यह विचार वरिष्ठपत्रकार, विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेश जोशी ने नवरात्रि महोत्सव में विभिन्न गरबा प्रांगण में मां की आरती के पश्चात संबोधित करते हुए व्यक्त किए। श्री जोशी ने कहा कि नहीं पीढी तकनीक को तत्काल समझने वाली पीढ़ी है यदि हमारे आध्यात्मिक पर्वों की गहराई को यह पीढ़ी समझ ले तो तो समाज व राष्ट्र का पूरा परिवेश ही बदल जाएगा। क्योंकि हमारे सनातन परंपरा के धर्म शास्त्रों और पर्वों में ब्रह्मांड का समस्त ज्ञान विज्ञान और तकनीक समाहित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर सभी तरह की शक्तियां निहित होती हैं लेकिन अज्ञान के आवरण और भोगवादी मानसिकता के कारण वह इन शक्तियों को ना तो समझ पाता है ना जागृत कर पाता है।नवरात्रि महोत्सव हमें यही संदेश देता है कि हमें मां आद्य शक्ति की आराधना हमारी अंतर निहित शक्तियों को जागृत करना चाहिए ताकि मनुष्य जीवन को सार्थक किया जा सके। श्री जोशी ने कहा कि हमारी संस्कृति में परम परंपरा का अत्यंत ही महत्व प्रतिपादित किया गया है इन ए पाठ्य पुस्तकों में भी जोड़ना चाहिए ताकि बच्चे आरंभ से ही पर्वों केमहत्व को समझ सकें। धर्म संस्कृति और अध्यात्म की शिक्षा यदि बच्चों को बालिका में ही नहीं दी गई तो वह युवावस्था में प्रत्येक स्थिति को तर्क की कसौटी पर कसने की कोशिश करते हैं। यदि उनके बाल निकल के कोमल मन पर हमारे पर्वों की महत्ता का प्रभाव पड जाए तो तो निश्चित ही जीवन में हमारे पर्व संस्कृत को अपने में समाहित करते हुए सफल और सार्थक जीवन जी सकते हैं। श्री जोशी ने शारदीय नवरात्रि महोत्सव में श्री सिद्धिविनायक नवदुर्गा गरबा महोत्सव समिति महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा, गांधी चौराहा, नवशक्ति गरबा मंड्ल जीवागंज, चंदरपुरा, वाल्मीकि बस्ती अंबेडकर चौराहा गर्बोत्सव समिति के गरबा प्रांगण में मां अंबे की श्रद्धापूर्वक आरती की।

# राजस्थान पुलिस द्वारा पकड़े गए करोड़ो के आभूषण रतलाम डीपी ज्वेलर्स के निकले

**बांसवाड़ा/रतलाम, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा पर बांसवाड़ा जिले के दानपुरा थाना क्षेत्र के बारीघाटा चेक पोस्ट पर चेंकिंग के दौरान एक बोलेरो वाहन में 14 करोड रुपये के सोने-चांदी के जेवर पाए गए थे। जेवर रतलाम की डीपी ज्वेलर्स फर्म के बताए गए हैं। पुलिस ने जेवर सहित वाहन जब्त कर जीएसटी व आयकर विभाग को मामला जांच के लिए सौंपा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बारीघाटा चेक पोस्ट पर शनिवार को चेकिंग के दौरान मध्यप्रदेश के रतलाम की तरफ से आ रहे बंद बाडी के पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 09 जीएच 6622 को रुकवाया गया। वाहन के पीछे के गेट पर ताला लगा था। चालक शंकरलाल पुत्र जगन्नाथ वर्मा निवासी ब्यावरा जिला राजगढ़ (मध्यप्रदेश), विजयसिंह पुत्र चैन सिंह भाटी निवासी तुलसी नगर रतलाम व रजयपाल पुत्र मईकोलाल यादव निवासी ग्राम मनोहरपुर जिला उन्नाव (यूपी) सवार थे। पूछताछ करने पर चालक ने रतलाम से बांसवाड़ा, उदयपुर होकर कोटा जाना बताया, जबकि रतलाम से कोटा दूसरे रास्ते से जाया जा सकता है। शंका होने पर चालक विजयसिंह से पूछताछ की तो उसने बताया कि वाहन में रतलाम की एक सोना-चांदी दुकान से उक्त सोने-चांदी के जेवर लेकर वह दुकान की अन्य ब्रांचों में देने के लिए बांसवाड़ा, उदयपुर व कोटा जा रहा है।

**तीन लोग गिरफ्तार**-तीनों लोगों को दानपुर थाने लाने के बाद आयकर व जीएसटी विभाग को सूचना दी गई। आयकर व जीएसटी विभाग के अधिकारी थाने पर पहुंचे। इसके बाद वाहन के गेट पर लगे ताले खोलकर चेक किया तो वाहन में 17.931 किलो सोने के तथा 49.831 किलो चांदी के जेवर पाए गए। इससे पहले भी डीपी ज्वेलर्स कई मामलों में सुर्ख़ियो में रह चूका है।

# निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीमें आपसी समन्वय से प्रभावी कार्यवाही करें-प्रेक्षक

## निर्वाचन व्यय प्रेक्षकगणों ने नीमच में की समीक्षा बैठक



**नीमच, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण की सभी टीमें आपसी समन्वक से प्रभावी कार्यवाही करें। समय-समय पर आवश्यकतानुसार आकस्मिक जॉच कार्यवाही भी करें। बैंकों से होने वाले बडे लेन-देन, ट्रॉजेक्शन पर नज़र रखे और इसकी रोजाना रिर्पोटिंग की जाये। यह निर्देश निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री श्री बालकृष्णा एस.ने जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में रविवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत नियुक्त आरओ, एआरओ, नोडल अधिकारियों और निर्वाचन व्यय अनुवींक्षण टीमों के सदस्यों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, पुलिस अधीक्षक श्री अमितकुमार तोलानी, एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं जिला अधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक में व्यएय प्रेक्षक श्री अरूणकुमार ने कहा, कि स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न कराने में प्रत्येक टीम की अहम भूमिका है। हर टीम के सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छे से करें। नोडल अधिकारी आपसी समन्वय से निर्वाचन व्यंय की निगरानी करें। बैठक में प्रेक्षकगणों ने निर्देश दिए,कि बैंकर्स अपने बैंक शाखा से होने वाले वाले बडे ट्रॉजेक्शन पर नज़र रखे और इसकी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को दें। बैठक में पावर प्रजेटेशन के माध्यम से मास्टर टेनर डॉ.राजेश पाटीदार ने जिले में मतदाताओंकी संख्या, ई.पी.रेशो, जेण्डॉर रेशों विभिन्न टीमों के प्रशिक्षण कार्यक्रम , अर्न्तर राज्यीय, अन्तर जिला, नाको की जानकारी, बार्डर, पोलिंग स्टेशन की संख्या व्यय निगरानी के लिए कार्यवाही, व्यय निगरानी समितियां, प्राप्त शिकायतों और उनका निराकरण कर, संवेदनशील पाकेटों की संख्या, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग, टीमों का गठन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्ट र सुश्री किरण आंजना व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन नामांकन और अनुमति ले सकेंगे उम्मीदवार

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नामांकन भरने के साथ ही रैली, बैठक, अस्थाई कार्यालय सहित अन्य अनुमति लेने के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान की है।

लघु कथा....

# रावण कब जलेगा ?

**पिपलियामंडी, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** सोनू अपने पिता के साथ दशहरे मैदान में रावण दहन देखने गया। भारी भीड़ थी, उसके पिता भीड़ में इधर- उधर घुसते घुसाते ऐसे स्थान पर खड़े हो गये जहां से वे रावण के पुतले के सामने की आतीसबाजी - व कलाकारों की प्रस्तुति देख सकें। मंच से घोषणाएं की जा रही थी राम - लक्ष्मण- हनुमान बने पात्रों की झांकी भी हर्षोल्लास ढोल-ढमाके के साथ आ चुकी थी। रावण जलाने का मुहूर्त निकले एक घंटा हो गया , संचालक भी कोई न कोई बहाना गढ़े जा रहे थे। सोनू ने परेशान होकर पिता से पूछा , ' पापा ये रावण कब जलेगा? ' ' रावण को जलाने वाले अतिथि आएंगे तब।' उन्होंने देखा नेतागण घंटे भर देरी से आये व आधे घंटे तक अथाह भीड़ पर भाषण पेला। दर्शक चुपके-चुपके कानाफूसी करने लगे। सोनू ने पापा से फिर पूछा, ' पापा और कितनी देर लगेगी। ' यह सुन पास खड़े सज्जन बोले , नगर के विशेष रावण आएंगे तब ना।' सोनू ने भोलेपन से कहा , ' रावण के रिश्तेदार आएंगे तब जलेगा क्या ? ' पिता ने मन में सोचा रावण से भी खतरनाक प्रकट में उससे कहा , ' हां।'



भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी

## भोपाल दक्षिण-पश्चिम सीट पर भगवानदास सबनानी को टिकट-पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता को नहीं दिया टिकट

**भोपाल, निप्र।** भाजपा ने भोपाल की बची एक सीट दक्षिण-पश्चिम से प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी को उम्मीदवार घोषित किया है। इस सीट पर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी और जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी भी दावेदार थे। सबनानी का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा से होगा। इसके साथ ही भोपाल जिले की सातों विधानसभा में भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो गई।

**सबनानी को टिकट मिलने के पांच कारण** :सबनानी को टिकट मिलना दो की लड़ाई में तीसरे का फायदा जैसा है। तीन दावेदारों की वजह से सीट होल्ड थी। एक फॉर्मूले के तहत सबनानी को टिकट दिया गया। भाजपा ने सिंधी बाहुल्य हुजूर विधानसभा क्षेत्र को साधने की कोशिश की है। हुजूर और दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की सीमाएं लगी हुई हैं। हुजूर से भाजपा ने रामेश्वर शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस से नरेश ज्ञानचंदानी मैदान में हैं। पिछले चुनाव में नरेश ने बैरागढ़ इलाके में रामेश्वर को कड़ी टक्कर दी थी। सबनानी को टिकट देकर भाजपा ने बैरागढ़ में अपने परंपरागत मतदाताओं को टूटने से रोकने का दांव खेला है। भोपाल में सबनानी के नेतृत्व में मार्च में सिंधी समाज का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था।

# भोपाल में रावण के पुतलों का बाजार:300 कारीगर बना रहे 50 फीट तक ऊंचे पुतले

**भोपाल, निप्र।** राजधानी भोपाल में रावण के पुतलों की मंडी यानी बाजार सज गया है। बांसखेड़ी, तुलसी नगर, ईंटखेड़ी समेत कई स्थानों पर करीब 300 कारीगर पुतले तैयार कर रहे हैं। बाजार में 1 फीट से लेकर 50 फीट ऊंचे पुतले हैं। जिनकी कीमत 50 हजार रुपए तक है। दशहरे को 2 दिन शेष होने से लोग एडवांस बुकिंग कर रहे हैं। शहर में छोटे-बड़े करीब 7 हजार पुतलों का दहन होगा।

कारीगर रामचरण वंशकार ने बताया कि अब तक मार्केट धीमा है। आगे उछाव आएगा क्योंकि दशहरे को दो दिन बचे हैं। लोग एडवांस बुकिंग कर रहे हैं। एक फीट ऊंचे पुतले के रेट 50 रुपए है, लेकिन 50 से 55 फीट तक ऊंचे पुतले की कीमत 50 हजार रुपए तक है। आकर्षक वेशभूषा, हथियार के साथ ही मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले भी साथ में होते हैं।

कारीगर विशाल ने बताया कि एक कारीगर छोटे-बड़े 20 से 25 पुतले तक बना रहा है। पुतले खरीदने के लिए लोग आ रहे हैं। एडवांस बुकिंग भी कई दिन पहले से शुरू हो गई। रविवार और सोमवार को पुतलों की ज्यादा बिक्री होगी।

कारीगर रामचरण ने बताया कि यदि कोई पुतलों में पटाखे रखवाना चाहेंगे तो उसकी कीमत बढ़ जाएगी।



बड़े पुतलों की कीमत ज्यादा है, क्योंकि इसमें बांस, धागा, कपड़ा, पेपर का उपयोग ज्यादा होता है। वहीं, तीन से चार कारीगर काम में लगते हैं।

पिछले साल दशहरे के दिन तेज बारिश हुई थी। इससे मध्यप्रदेश में दशहरे पर रावण के पुतले को श्रीराम के बाण से पहले ही इंद्र के बाणों का सामना करना पड़ा था। बारिश की वजह से राजधानी भी में रावण के पुतले भीग गए थे। बांसखेड़ी इलाके में कारीगरों को पुतले बस स्टॉप में रखना पड़े थे। इससे उन्हें खासा नुकसान हुआ था। इस बार मौसम साफ होने से कारीगरों ने राहत की सांस ली है। शहर में 30 से ज्यादा स्थानों पर बड़े स्तर पर रावण के पुतलों का दहन होगा। वहीं, गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में भी रावण दहन होगा। चूंकि, अभी विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है, इसलिए दशहरे के चल समारोह और पुतला दहन की अनुमति लेना जरूरी रहेगा। वर्ना आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज किया जाएगा। रावण दहन और चल समारोह को लेकर विधानसभा वार अनुमति लेना होगी। गोविंदपुरा विधानसभा के लिए एडीएम दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लिए एडीएम उत्तर ऑफिस, हुजूर विधानसभा के लिए एसडीएम ऑफिस हुजूर, भोपाल उत्तर विधानसभा के लिए एसडीएम ऑफिस बैरागढ़, भोपाल मध्य विधानसभा के लिए एसडीएम ऑफिस शहर वृत्त, नरेला विधानसभा के लिए एसडीएम ऑफिस गोविंदपुरा और बैरसिया विधानसभा के लिए एसडीएम ऑफिस बैरसिया से अनुमति मिलेगी।

# एमपी में अक्टूबर में बादल, नवंबर में बारिश के आसार

## इस बार ठंड के दिन कम; शीत लहर की गुंजाइश भी ज्यादा नहीं



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में अक्टूबर में हल्की ठंडक तो रहेगी, लेकिन तापमान बहुत ज्यादा नहीं गिरेगा। दरअसल, उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। अगले 4 दिन में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो जाएगा। इससे बारिश तो नहीं होगी, लेकिन बादल छाए रह सकते हैं। ऐसे में तापमान न तो बढ़ेगा और न ज्यादा घटेगा।

16 नवंबर से 20 नवंबर के बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादल छाने और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के फोरकास्ट इंचार्ज वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि इस दौरान बंगाल की खाड़ी में एक मौसमी सिस्टम बन सकता है। इससे इंदौर संभाग के कुछ इलाकों और भोपाल में बादल छा सकते हैं। नवंबर के दूसरे पखवाड़े से भोपाल समेत प्रदेश में ठंड बढ़ने का ट्रेंड भी है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव व मौसम विज्ञानी डॉ. माधवन नैयर राजीवन ने यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फॉरकास्ट्स मॉडल के हवाले से बताया कि अल-नीनो की वजह से आने वाली सर्दी में ठंड ज्यादा नहीं पड़ेगी। सर्दी का मौसम भी छोटा रहेगा, यानी ठंड के दिन कम रहेंगे। नवंबर से फरवरी तक तापमान सामान्य से अधिक रहेगा इसलिए कोल्ड वेव की गुंजाइश कम है।

इधर, भारतीय मौसम विभाग ने अभी सर्दी के सीजन का पूर्वानुमान जारी नहीं किया है। सर्दी के मौसम में कोल्ड वेव या सर्द दिनों का दौर पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद तब आता है, जब पहाड़ों की सर्द हवाएं मैदानों में पहुंचती हैं। इस बार बर्फबारी सामान्य से कम रह सकती है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि सक्रिय प्रभावशाली पश्चिमी विक्षोभों की संख्या भी कम रहेगी।

मानसून में कम बारिश का कारण रहा अल-नीनो सर्दियों पर भी असर डालेगा। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) और अमेरिकी मौसम एजेंसी 'एनओएए' के मुताबिक, उत्तरी गोलार्ध में अल-नीनो के मई 2024 तक एक्टिव रहने की संभावना 85% है। इसके असर से समुद्री सतह का तापमान अभी औसत से 1.3 डिग्री तक ज्यादा चल रहा है। समुद्री तापमान में इतनी बढ़ोतरी फरवरी-अप्रैल 2016 के बाद पहली बार दर्ज हुई है।

मध्यप्रदेश का हिल स्टेशन पचमढ़ी इन दिनों सबसे ठंडा है। यहां दिन का तापमान 29 और रात में 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। बैतूल और मलाजखंड में भी दिन-रात का तापमान कम है। शनिवार को भोपाल में दिन का पारा 1 डिग्री बढ़कर 33.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इंदौर में यह 32.8, ग्वालियर में 33.7, जबलपुर में 31.8 और उज्जैन में 34.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उमरिया, सिवनी, छिंदवाड़ा, खरगोन और रायसेन में अधिकतम तापमान 31 डिग्री से कम रहा।

अक्टूबर में तीनों मौसम का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहा है। पहले पखवाड़े में भोपाल, ग्वालियर, दमोह, जबलपुर, उज्जैन समेत कई शहरों में अक्टूबर में ऐसी गर्मी पड़ी कि जैसे मार्च-अप्रैल का महीना हो। कई जिलों में पारा 37 डिग्री से ज्यादा ही रहा। अक्टूबर के शुरुआती सप्ताह में गुलाबी ठंड का असर भी दिखा। कुछ जिलों में बारिश भी हुई।

# अभ्यर्थी के लेखा का तीन बार शैडो रजिस्टर से मिलान होगा-व्यय प्रेक्षक

## प्रेक्षक खान एवं कृष्णपति की राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न



**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत अभ्यर्थियों के व्यय लेखा की निगरानी सतत रूप से की जाएगी। इसमें मंदसौर एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक श्री गोपाल कृष्णपति (आईआरएस) निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए हैं। सुवासरा एवं गरोठ विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक श्री इम्तियाज खान (आईआरएस) को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किया गया है। दोनों प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के साथ सुशासन भवन सभागृह में बैठक ली। बैठक की दौरान आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, राजनीतिक दलों की प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा कहा गया कि जो अभ्यर्थी निर्वाचन के दौरान नाम दाखिल करेंगे एवं चुनाव लड़ेगा। उन सभी अभ्यर्थियों का व्यय लेखा के रिकॉर्ड का तीन बार शैडो रजिस्टर से मिलान होगा। सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी व्यय खर्च की सीमा का ध्यान रखें। इस बार खर्च की सीमा 40 लाख रुपए हैं। छोटी-छोटी चीजों का विवरण रखें। अलग से बैंक खाता खुलवाए तथा उसी से खर्च करें। सभी कार्य पारदर्शिता के साथ किया जाए। यह सभी की जिम्मेदारी है। चुनाव के दौरान प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दलों का भी सहयोग जरूरी होता है। सभी अपने-अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वहन करें। अगर किसी को कोई समस्या आती है, तो तुरंत अवगत भी कराए। सभी कार्य सुचारू रूप से होंगे एवं पारदर्शिता के साथ होंगे।





**फ्लैग मार्च निकाला**–मंदसौर पुलिस द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव, आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार पुलिस एवं अर्धसैनिक बल आईटीबीपी के बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। इसी क्रम में 22 अक्टूबर को मंदसौर जिले के थाना वाय डी नगर के नाहर सय्यद क्षेत्र में पुलिस एवम अर्धसैनिक बलों के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल के साथ साथ आईटीबीपी के अधिकारी द्वारा आमजन से चुनाव संबंधी चर्चा कर निर्भीक होकर वोट डालने की अपील की गई।

# व्यय लेखा के अधिकारी लेखा संधारण बहुत अच्छे से करें-व्यय प्रेक्षक

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मंदसौर एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री गोपाल कृष्णपति (आईआरएस) तथा सुवासरा एवं गरोठ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री इम्तियाज खान (आईआरएस) ने जिले के सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान व्यय लेखा के नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यय लेखा के संबंध में व्यय लेखा का संधारण बहुत अच्छे से किया जाए। सभी तरह के प्रमाण पत्र बहुत अच्छे से मिलान करें तथा उनका रिकॉर्ड रखें। एसएसटी टीम के पास जीपीएस लगातार चालू रहना चाहिए। उसके लिए जो भी नोडल अधिकारी हैं, जीपीएस को लगातार वॉच करें। प्रेक्षक द्वारा अंत में कहा की जिले में सभी लोग बेहतर काम कर रहे हैं। आगे भी निर्वाचन संपन्न होने तक इसी लगन, निष्ठा के साथ काम करें। व्यय प्रेक्षकों ने चारों विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत व्यय लेखा दल को प्रशिक्षण भी दिया। कलेक्टर श्री यादव ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से लेखा टीम के द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रदान की। उन्होंने बताया कि 20 अंतर राज्य नाके बनाए गए हैं। सभी में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। चार विधानसभा क्षेत्र में चार वीएसटी की टीम बनी हुई है। व्यय लेखा के लिए चारों विधानसभा क्षेत्र में लेखा दल काम कर रहा हैं। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम है। वहीं चारों विधानसभा क्षेत्र पर भी 24 घंटे 7 दिन कंट्रोल रूम चालू है। एमसीएमसी दल भी लगातार काम कर रहा है। समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एफएम रेडियो आदि पर लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए मीडिया कंट्रोल रूम जिला पंचायत सभागृह में बनाया गया है। वहां पर तीनों टीमें लगातार काम कर रही है।



## अष्टमी को देवडुंगरी माताजी मंदिर पर यज्ञ हवन-पूजा सम्पन्न

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** अष्मी को देवडुंगरी माताजी मंदिर पर यज्ञ हवनपुजा हुआ। चमत्कारीक देवी आस्था के केन्द्र पर आगंतुक भक्तो द्वारा घरोंदे बनाकर मन्नते मांगी। मंदिर समिति द्वारा मातारानी की प्रतिक्रति के सिक्के वितरीत किये गये। मन्नत पुरी होन पर यहां गुजरात, देवास, इंदौर दुर दुर से कई भक्त अपनी श्रद्धा से चढ़ावा चढ़ाते आ रहे है।

एतिहासीक 151 सीड़ीयो वाली देवडुंगरी माताजी शहर के 9 किलो मीटर रेवास देवड़ा रोड़ उंची पहाड़ी पर विजारजी जय अम्बे भक्तो की आस्था का केन्द्र बनता जा रहा है। चमत्कारीक स्थल पर नवरात्रि पर्व पर अष्मी पुजा का बड़ा महत्व माना जाता है। मां देवडूंगरी माताजी मंदिर पर घट स्थापना कर वाड़ी बिठा रखी जो दशहरे को वाड़ी विसर्जन होगा। पंडित प्रियांश राज पुरोहित, जगदीश बैरागी, राधेश्याम मारू, बंशी राठौर, बंसतीलाल भाटी, विनोद राठौर, गिरधारीलाल सोलंकी, अशोकर राठौर, अशोक गेहलोत एवं मंदिर समिति के सदस्यों, भक्तों द्वारा अष्मी को प्रात: माता अम्बे की आरती की गई। मंदिर पर यज्ञ हवनपुजा सम्पन्न हुआ।



## सेमरोल परियोजना गरोठ में मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत सेमरोल में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय के बालकएवं बालिकाओं द्वारा रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रंगोली बनाई गई। 80प्लस मतदाताओं को पुष्पमाला देकर स्वागत किया गया। ग्रामवासियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। स्वीप की गतिविधि प्रभारी महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक श्रीमीत शोभा धमानिया, सचिव श्री राजेंद्र सिंह सिसोदिया, शाला प्राचार्य व बच्चों ने कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## अभ्यर्थी 30 तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा सीटों के लिए 21 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 30 अक्टूबर नामांकन फार्म भरने की अंतिम तारीख रहेगी। नामांकन की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 2 नवंबर है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करते मसय सामान्य अभ्यर्थी को 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति को 5 हजार रुपये जमानत राशि जमा करना होगा।

## रंजिश के चलते पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** रंजिशवश मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। खात्याखेड़ी निवासी पवन सूर्यवंशी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि भागीरथ सूर्यवंशी ने पुरानी रंजिश के चलते मुझे बोला कि तेरे भाई से झगड़ा क्यों किया, कहकर गाली-गलौज की व मारपीट की, कड़े की सिर पर मारी, जिससे खून बहने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को पीटा। भाटखेड़ी निवासी दुर्गाबाई बंजारा ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बोलेरो पिकअप वाहन खरीदने पर पति घासीराम बंजारा नाराज हो गया और गाली-गलौज कर ईट से सिर से मारी, जिससे पीठ व कुल्हे व घूटने पर चोंट आई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया।

### छुरे के साथ पकड़ा

**पिपलियामंडी, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने छुरे के साथ आरोपी को पकड़ा। नाहरगढ पुलिस ने लोहे का छुरा लेकर आमजन को भयभीत करने के मामले गारियाखेड़ा निवासी सुनील पिता अम्बालाल मीणा को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

### अवैध शराब के साथ धराए आरोपी

**पिपलियामंडी, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। बूढ़ा चोकी पुलिस ने 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ बूढ़ा निवासी शांतिलाल पिता गोवर्धन सिकलीघर को, नारायणगढ़ पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी शराब के साथ फतेहपुर निवासी पप्पूलाल बावरी को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।





कॉलेज मैदान में मंगलवार को किया जाएगा गगन चुंबी आतिशबाजी के अनोखे नजारों के साथ रावण दहन का भव्य आयोजन...

# आज खड़े होंगे रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतले

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में मंदसौर के कॉलेज मैदान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विजयदशमी पर्व 24 अक्टूबर मंगलवार को संध्या 6:30 बजे रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतलो का रंगारंग आतिशबाजी के बीच दहन किया जाएगा। आयोजन को भव्यता प्रदान करने हेतु हेतु समिति पिछले 15 दिनों से व्यवस्था में जुटी हुई हैं। रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतले बनकर तैयार है जिन्हें 23 अक्टूबर सोमवार को कॉलेज मैदान परिसर में खड़ा किया जाएगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सचिव दिनेश नागर ,हेमंत अग्रवाल एवं प्रवक्ता राजेश पाठक ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परंपरागत रूप से मंदसौर के कॉलेज मैदान में विजयदशमी पर्व पर 24 अक्टूबर को 75 फीट उंचे रावण के पुतले एवं 41,41 फीट ऊंचे मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतलो का दहन किया जाएगा। पिछले एक माह से फतेहपुर सीकरी के अब्दुल सत्तार परिवार के सदस्य इन पुतलो का निर्माण कर रहे हैं। साथ ही कोटा बूंदी के कलाकारों द्वारा गगन चुंबी आतिशबाजी के हुए भव्य नजारे प्रस्तुत किए जाएंगे। लगभग 2 घंटे चलने वाला यह समारोह संध्या 6.30 बजे आरंभ होगा इस बार समारोह में मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान भी रखा गया हैं। आम जनों से अपील की जाएगी की प्रत्येक व्यक्ति मतदान अवश्य करें। आपने बताया कि पुतलो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है 23 अक्टूबर सोमवार को कॉलेज मैदान में पुतले खडे किए जाएंगे ताकि 24 अक्टूबर मंगलवार को विजयदशमी पर सुबह से ही आमजन पुतलो को देख सके।

### व्यय प्रेक्षकों से उनके मोबाइल नंबरों पर कर सकते हैं संपर्क

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मंदसौर एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक श्री गोपाल कृष्णपति (आईआरएस) निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए हैं। इनके मोबाइल नंबर 8989773500 है। सुवासरा एवं गरोठ विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक श्री इम्तियाज खान (आईआरएस) को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किया गया है। इनके मोबाइल नंबर 8989536500 हैं। दोनों प्रेक्षक के मोबाइल नंबर प्रदान किया गया है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, आम जन इन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## पचास गांवों में चलाया बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के नेतृत्व में एडवांस इन्फॉर्मेशन मैनजमेंटसोसायटी लिंक वर्कर स्किम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मंदसौर जिले के 50 गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर आंगनवाड़ी, स्व सहायता समूह, स्कूल,व सामाजिक संस्थाएं एवं जनप्रतिनिधि ने हिस्सा लिया कार्यक्रम का उद्देश्य समाज से बुराई को मिटाना एवं 18 साल से कम वर्ष की आयु में विवाह नहीं करने का संकल्प लेना है महिलाओं ने दीप जलाकर समाज में संदेश दिया की बाल विवाह मुक्त भारत होना चाहिए साथ ही मिडील स्कूल और हाई सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को शपथ दिलाई की उनके आस-पास कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो में पुलिस विभाग या महिला बाल विकास या ग्राम पंचायत के सरपंच को तुरंत सूचना दूंगी। संस्था से जिला परियोजना अधिकारी सोनु पालीवाल, सुपरवाइजर राहुल चौहान, सपना चौहान मेघा सालवी ने बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलवाई।



## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

**पिपलियामंडी, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सीतामऊमें स्कूल की बालिकाओं द्वारा रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती शिवानी गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीतामऊडॉ प्रभांशु सिंह एवं मास्टर ट्रेनर नारायण हरगौड़ उपस्थित थे। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत गांव गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महिलाएं रंगोली बनाकर संदेश के रूप में हम सब वोट करेंगे, वोट देंगे। इस प्रकार के संदेश भी लिख रही है। यह कार्य महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में जागृत हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।





## व्यय प्रेक्षक ने चंदेरी चेक पोस्ट का निरक्षण किया

**पिपलियामंडी, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा मंदसौर और मल्हारगढ़ हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री गोपाल कृष्णपति ने मल्हारगढ़ विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय तथा चंदेरी चेक पोस्ट का निरक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि चेक पोस्ट पर सघन जांच लगातार चलनी चाहिए। कार्यवाही के दौरान एसएसटी टीम के साथ वीडियोग्राफी लगातार होनी चाहिए।

### कार से मिले एक लाख रुपए, जांच

**मंदसौर, 22 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** आगामी विधानसभा चुनाव के चलते लागू आदर्श आचार संहिता में अंतर जिला बॉर्डर पर सघन चेकिंग जारी है। लगातार नकदी और जेवरात बरामद किए जा रहे हैं। एक बार फिर कार्रवाई दलौदा पुलिस ने की है।

दलौदा थाना प्रभारी उनि संजीव सिंह परिहार एवं पुलिस टीम द्वारा महू नीमच हाईवे पर वाहन चैकिंग के दौरान एक कार से 1 लाख रुपये नकद राशि जप्त की गई है। मामले में जांच जारी है।

### ✻ अंतिम यात्रा ✻



विनोद सोनी (एसएसएन) के पिता जी, रौनक सोनी के दादा जी सेवानिवृत शिक्षक श्री ओमप्रकाश जी सोनी (कनघट्टी वाले) का आज देवलोकगमन हो गया है। अंतिम यात्रा नीज निवास भागवत नगर मन्दसौर से 23 अक्टूबर 2023 सोमवार को प्रात: 9.30 बजे निकलेगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

सोनी परिवार, मंदसौर


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG JR -59 श्रीमति दीपा चम्पक पति श्री दिनकर चम्पक को वर्ष 2004 में आवंटित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.10.2012 को पंजीबद्ध किया गया था।

आवंटी श्रीमति दीपा चम्पक पति श्री दिनकर चम्पक द्वारा उक्त भवन श्री रामदयाल गुप्ता पिता श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता को विक्रय पत्र दिनांक 07.01.2013 को निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्री रामदयाल गुप्ता पिता श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्री रामदयाल गुप्ता पिता श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MDX. 8 जो की श्री नरपत सिंह पिता श्री कानसिंह राजपुरोहित को मण्डल आदेश क्रमांक–1544 दिनांक 30.06.2014 द्वारा आवंटित किया गया था एवं भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27.02.2015 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया था।

श्री नरपत सिंह पिता श्री कानसिंह राजपुरोहित द्वारा उक्त भवन का विक्रय कर श्रीमति शांतादेवी रेबारी पति लालाराम रेबारी को कर दिनांक 16.09.2021 को भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण श्रीमति शांतादेवी रेबारी पति लालाराम अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MDX. 8 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्रीमति शांतादेवी रेबारी पति लालाराम के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटीयानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक HX.74 जो की श्रीमति ज्योति गर्ग पति श्री अमित गर्ग को मण्डल आदेश क्रमांक. 1591 दिनांक 27.06.2023 द्वारा नामान्तरित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27.01.2007 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्रीमति ज्योति गर्ग पति श्री अमित गर्ग द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री रविन्द्र सिंह रांका पिता स्व. श्री भेरुलाल रांका को कर दिनांक 04.09.2023 को भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री रविन्द्र सिंह रांका पिता स्व. श्री भेरुलाल रांका अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज़ हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे। समयावधि व्यतीत हो जाने पर का उक्त भवन का नामान्तरण श्री रविन्द्र सिंह रांका पिता स्व. श्री भेरुलाल रांका नाम के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in